पंजीयन सं. 457/83–84 दूरभाष : 2615972

# श्री ओसवाल सिंह सभा

कार्यालय : श्री ओसवाल कम्युनिटी सेन्टर, तारघर के सामने, जोधपुर – 342003

**दिनांक :10.01.2019**

**श्रीमान् सदस्यगण,** डॉ सोहन राज तातेड़

श्री ओसवाल सिंह सभा के सत्र 2019–21 के चुनाव हेतु श्री ओसवाल सिंह सभा की साधारण सभा दिनांक 28/10/2018 में लिये गये निर्णय की अनुपालना में कार्यकारिणी समिति के निम्न सचिवों व पदाधिकारियों के चुनाव दिनांक 20/01/2019 रविवार को करवाने हेतु मुझे अधिकृत किया गया है ।

01. अध्यक्ष
02. उपाध्यक्ष
03. महासचिव
04. संयुक्त महासचिव
05. कोषाध्यक्ष
06. सचिव, शिक्षण समिति (श्री ओसवाल सिंह सभा)
07. सचिव, उच्च शिक्षा समिति (श्री ओसवाल सिंह सभा)
    (श्री नाकोड़ा पार्श्वनाम जैन महाविद्यालय प्रबन्ध समिति)
08. सचिव, ओसवाल छात्रावास समिति (श्री ओसवाल सिंह सभा)
09. सचिव, श्री ओसवाल न्याति नोहरा समिति (श्री ओसवाल सिंह सभा)
10. सचिव, मण्डोर दादावाड़ी समिति (श्री ओसवाल सिंह सभा)
11. सचिव, धर्मपुरा समिति (श्री ओसवाल सिंह सभा)
12. सचिव, कैलाश समिति (श्री ओसवाल सिंह सभा)

दिनांक 20 जनवरी 2019 को चुनाव कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा ।

- चुनाव स्थल : श्री ओसवाल जनहितकारी ट्रस्ट (कम्यूनिटी हॉल) तारघर के पास, सरदारपुरा, जोधपुर
- नामांकन पत्र प्रस्तुत करने का समय : प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक
- नामांकन पत्रों की जाँच : प्रातः 10.30 बजे से
- नामांकन वापिस लेने का समय : प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक
- आवश्यकता पड़ने पर मतदान : दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक
- मतगणना : मतदान पश्चात्

नोट : (1) मतदाता सूची 50/– रूपये शुल्क जमा करवा कर श्री ओसवाल सिंह सभा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

(2) नामांकन पत्र 19/01/2019 को दोपहर 2 बजे से सांय 7 बजे तक मतदान स्थल कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते है ।

(अनिल मेहता)
चुनाव अधिकारी

!! जय जगत !!

# आचार्य कुल

( निर्भय, निर्वैर, निष्पक्ष आचार्यों का राष्ट्रीय संगठन )

रजि.नं.ई-234 ई. वर्धा

पंजीकृत कार्यालय :- परंधाम आश्रम पवनार (वर्धा) 442111 (महाराष्ट्र) मो. 09403827464

अध्यक्षीय कार्यालय :- "लहरी मोती स्मृति धाम" पसून्द, जिला–राजसमन्द– 313324 (राजस्थान)

मो. 09414928380 E-mail : hirashrimali@gmail.com



संत विनोबा भावे

क्रमांक :

दिनांक : 11–1–2019

सेवा में,

सम्माननीय / सम्माननीया, प्रो॰ (डॉ) सोहन राज तातेड, संरक्षक

आदरणीय ट्रस्टी महोदय, सलाहकार, संरक्षक, केन्द्रीय आचार्यकुल कार्यसमिति के पदाधिकारी, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं राज्यों के अध्यक्ष, संयोजनमंत्री।

विषय :– आचार्यकुल का राष्ट्रीय अधिवेशन दि. 23–24–25 फरवरी 2019।

अधिवेशन स्थान – सेन्ट जोसेफ ग्रुप ऑफ एज्युकेशन डाइट रोड, टोंक राजस्थान।

आयोजक :– श्री मुजीब अता आजाद उपाध्यक्ष आचार्यकुल राजस्थान एवं संयोजक महात्मा गांधी के 150वीं जन्म वर्ष समारोह समिति केन्द्रीय आचार्यकुल।

संरक्षक :– केप्टन शमशैर, समाजसेवी एवं पूर्व सेना अधिकारी

स्वागतोध्यक्ष :– श्री महावीर तोगड़ा, सीनियर एडवोकेट एवं समाजसेवी

अत्यन्त आदर सहित निवेदन है कि आचार्यकुल का राष्ट्रीय अधिवेशन दि. 23.24.25 फरवरी 2019 को ऐतिहासिक नगरी टोंक राजस्थान में राजस्थान आचार्यकुल की अध्यक्ष डॉ. रचना जी तैलंग की कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष श्री मुजीब अता आजाद जो राष्ट्रीय आचार्यकुल द्वारा आयोजित पूज्य महात्मा गांधी के 150 वें जन्म वर्ष महोत्सव समिति के संयोजक भी है। अधिवेशन के आयोजक माननीय आजाद सा. एवं अधिवेशन के स्वागताध्यक्ष सीनियर एडवोकेट सा. श्री महावीर तोगड़ा एवं संरक्षक केप्टन शमशैर सिंह द्वारा पूर्ण उत्साह लगन एवं पूज्य विनोबा के द्वारा संस्थापित आचार्यकुल के दर्शन के समर्थक सहयोगी एवं सहभागी बन अधिवेशन का आयोजन अपनी सशक्त टीम के साथ कर रहे है। अधिवेशन में आगन्तुक आचार्यों विद्वजनों एवं आचार्य कुल परिवार के सदस्यों के आवास भोजन, नाश्ता आदि समस्त व्यवस्थाओं के व्यय का दायित्व टोंक आचार्यकुल परिवार द्वारा वहन किया जाएगा। बस स्टेण्ड से अधिवेशन तक आने जाने का व्यय वहन भी इन्हीं के द्वारा किया जाएगा।

1. अहिंसक समाज संरचना में गांधी विनोबा का अनुवाद।
2. नई शिक्षा नीति में आचार्यकुल का दायित्व।
3. आचार्यकुल का संगठनात्मक स्वरूप में निखार लाना।
4. आचार्यकुल की आगामी पचास वर्षों की कार्य योजना संबंधी दायित्व।

आपसे करबद्ध निवेदन है कि आप स्वयं या अपने साथ आने वाले संभागी आचार्यों में से कोई भी संभागी इन विषयों पर आलेख पत्र कम से कम दो पृष्ठ ज्यादा से ज्यादा चार पृष्ठ का लिखकर फरवरी 2019 के द्वितीय सप्ताह तक अवश्य भिजवाने की कृपा करावें।

एक–एक विषय पर तीन विद्वानों, आचार्यों के आलेख पत्र वाचन व प्रवचन किये जायेंगे। प्रत्येक आलेख, लेखक व वक्ता आचार्य को 15 मिनिट वाचन, वक्तव्य हेतु रखा गया है। याने 15

मिनिट x 3 = 45 मिनिट वाचन, वक्तव्य एवं 60 मिनिट इन आलेखों, वक्तव्यों पर संभागियों की जिज्ञासा, समस्या व सुझाव आमंत्रित होंगे। तत्पश्चात् 15 मिनिट वक्ता संभागियों के विचार मत पर अपना मत प्रस्तुत करेंगे।

इसके अलावा साधारण सभा की बैठक दिनांक 24 फरवरी 2019 को दोपहर बाद 4.30 से 7 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें दि. 22 फरवरी 2019 को रात्रि को कार्यसमिति में लिये गये विषयों का प्रस्तुतिकरण व साधारण सभा द्वारा अनुमोदन प्रकिया होगी।

कोलेनियम कमेटी के पदाधिकारीगण के आदेशानुसार राज्य अध्यक्ष / मंत्री / संयोजक / प्रतिनिधि चारों में से एक व्यक्ति चुनाव प्रकिया में संभागी बन अपना दायित्व पूरा करने को तैयार रहेंगे।

सम्भवतः – आगामी तीन वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी मय अध्यक्ष के लिए की गई चयन प्रकिया पूरी होने पर कोलेनियम कमेटी के सम्माननीय पदाधिकारी गण आगामी तीन वर्ष याने 25 फरवरी 2019 से 24 फरवरी 2022 तक के लिये कार्यकारिणी के पदाधिकारियों / अध्यक्ष महोदय के नामों की घोषणा करेंगे। साधारण सभा द्वारा हर्षोउल्लास के साथ नई कार्यकारिणी अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया जाएगा। साधारण सभा में अब तक के अध्यक्ष द्वारा साधारण सभा का आभार नये अध्यक्ष महोदय एवं कार्यकारणी का स्वागत एवं कोलेनियम कमेटी के पदाधिकारियों का आभार, व्यक्त कर साधारण सभा का विसर्जन।

माननीय नव नियुक्त अध्यक्ष महोदय साधारण सभा को संबोधन कर आशीर्वाद प्रेरणा एवं निर्भय, निर्वैर एवं निष्पक्ष रहकर संत विनोबा द्वारा संस्थापित आचार्यकुल में नव चेतना का संचार करेंगे। आगामी कार्यवाही नवनिर्वाचित अध्यक्ष की अध्यक्षता में ही होगी। आपसे यह भी निवेदन है कि आप अपने राज्य, क्षेत्र, शहर, गांव से आचार्यों को साथ लेकर पधारें। आप 22 फरवरी 2019 सायं काल अथवा 23 फरवरी 2019 प्रातः तक टोंक पहुंचने की कृपा करावें। आप के पास वार्षिक एवं वार्षिक सदस्यता एवं आचार्यकुल की राशि प्राप्त हो गई है, उसको केन्द्रीय कार्यालय के केम्प कार्यालय में जमा कराने की कृपा करावें। आप द्वारा आचार्यकुल प्रवृत्तियां यथा प्रबोधन पर्व, यात्राएं, संगोष्ठियां आदि की गति प्रगति भी साथ लेकर पधारें।

विशेष :– राष्ट्रीय अधिवेशन में संभागी बनने से पूर्व या बाद में आप अपने स्तर से निम्नलिखित दर्शनीय, तीर्थस्थलों की यात्रा कर सकते हैं।

## आवागमन सुविधा

1. By Air अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट सांगानेर जयपुर तथा वहां से 100 किमी सड़क मार्ग NH-12 से टोंक पहुंचना है।
2. By Train जयपुर जंक्शन से सड़क मार्ग NH-12 द्वारा 100 किमी दूरी पर टोंक पहुंचना है। जयपुर से सवाईमाधोपुर रेलवे लाइन पर स्थित
3. वनस्थली निवाई तक रेल से पहुंचकर सड़क मार्ग द्वारा 35 किमी दूर NH-12 से टोंक पहुंचना है।
4. सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचकर 85 किमी सड़क मार्ग से टोंक पहुंचना है।
5. कोटा रेलवे स्टेशन तक पहुंचकर सड़क मार्ग से NH-12 कोटा जयपुर मार्ग पर 165 किमी दूरी पर टोंक पहुंचना है।
6. By Bus जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, बस स्टेण्ड से टोंक के लिए प्रत्येक समय बस उपलब्ध रहती है। अहमदाबाद से जयपुर या दिल्ली से कोटा जाने वाली बसें टोंक से होकर गुजरती है। बसों से आने वाले यात्री सीधे केन्द्रीय बस स्टेण्ड टोंक पर उतरे।

## पर्यटन की दृष्टि से :–

टोंक, राजस्थान के आस पास के दर्शनीय स्थल व धार्मिक स्थान :–

टोंक में – सुनहरी कोटी, विश्व स्तरीय मौलाना अबुल कलाम आजाद अरबी फारसी शोध संस्थान, हाथी भाटा पर्यटक स्थल (दूरी 18 किमी.), बीसलपुर बांध (दूरी 60 किमी.), डिग्गी कल्याण जी मंदिर (दूरी 70 किमी.), धुलाकलां गुरूद्वारा व धन्ना भगगत की जन्मस्थली (दूरी 27 किमी.), विख्यात वनस्थली विद्यापीठ महिला शिक्षण संस्थान निवाई (दूरी 40 किमी)।

## पर्यटक स्थल :–

- सवाई माधोपुर रणथम्बोर टाइगर प्रोजेक्ट्ट व विनोबा गणेश मंदिर (दूरी 90 किमी), 12 वां ज्योर्तिलिंग शिव मंदिर (दूरी 40 किमी.)।
- जयपुर – आमेर फोर्ट, हवामहल, जयगढ़ पैलेस, अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग, चिड़ियाघर इत्यादि (दूरी 100 किमी.)।
- अजमेर प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर पुष्कर, ख्वाजा गरीब नवाज दरगाह (दूरी 200 किमी.)।
- कोटा – चम्बल कोटा बैराज, 7 वन वण्डर्स (सात अजूबे), चम्बल गार्डन इत्यादि (दूरी 160 KM.

विनीत

(डॉ. धर्मेन्द्र आचार्य)
मंत्री
09430911326

(अणुव्रती डॉ. हीरालाल श्रीमाली आचार्य)
अध्यक्ष
09414928380

सम्पर्क सूत्र :– आयोजक श्री मुजिब अता आजाद मो. 09887036105
डॉ. रचना तैलंग अध्यक्ष राजस्थान प्रदेश आचार्यकुल – 9887884942

सेवामें,

सम्माननीय ट्रस्टी महोदय, सलाहकार महादेया, संरक्षक महोदय कार्यसमिति के पदाधिकारी, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं राज्यों के अध्यक्ष, संयोजनमंत्री।

कार्यसमिति की बैठक दि. 22–2–19 रात्रि 8 से 10 बजे प्रस्तावित विषय :–

- गत बैठक की कार्यवाही वाचन एवं पुष्टि–
- गत वित्तीय वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट साधारण सभा में रखने हेतु।
- वित्तीय वर्ष अप्रैल 2018 से अब तक की आय व्यय विवरण प्रस्तुति।
- आचार्यकुल की गति प्रगति।
- नव चयनित / मनोनित अध्यक्ष महोदय एवं कार्यकारिणी का स्वागत व्यवस्था।
- अन्य अध्यक्ष की सहमति से।

विनीत

डॉ. धर्मेन्द्र आचार्य
मंत्री